ई मेल द्वारा

अति महत्वपूर्ण/अनुस्मारक

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/विषम सेमे0परी0/जनवरी–2023/11461 लखनऊःदिनांकः 16/01/2023

विषयः परिषद द्वारा आयोजित आगामी विषम सेमेस्टर परीक्षा–जनवरी–2023/ विशेष बैक पेपर परीक्षा–2023 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भराये जाने की अन्तिम तिथि बढ़ाये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्रांक–प्राशिप/अनु0–6/ विषम सेमे0परी0/ जनवरी–2023/11434, लखनऊः दिनांक–12/01/2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा–2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र भराये जाने की अन्तिम तिथि 14–01–2023 निर्धारित की गयी थी।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि छात्र हित के दृष्टिगत छूटे हुए छात्र/छात्राओं को अन्तिम अवसर देते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदनपत्र भराये जाने की अन्तिम तिथि 14–01–2023 से बढ़ाकर दिनांक–**17–01–2023** की गई है। अतः प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्तानुसार ऑनलाइन आवेदनपत्रों की प्रविष्टि का कार्य दिनांक–17–01–2023 तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त निर्धारित तिथि 17–01–2023 के पश्चात किसी भी दशा में तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी।

भवदीय,

Anupkpatel

(अनूप कुमार पटेल)
संयुक्त सचिव,
कृते सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6/विषम सेमे0परी0/जनवरी–2023/ तददिनांकः

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।

(अनूप कुमार पटेल)
संयुक्त सचिव,
कृते सचिव।